भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4430

जिसका उत्तर 19.03.2026 को दिया जाना है

औद्योगिक यातायात के लिए समर्पित बाइपास/फ्लाइओवर

†4430.श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वापी-दमन-सिलवासा औद्योगिक गलियारे में भारी वाहनों की आवाजाही का स्थानीय यातायात और सड़क सुरक्षा पर क्या प्रभाव पड़ा है;

(ख) क्या औद्योगिक यातायात को अलग करने के लिए समर्पित बाइपास/रिंग रोड/फ्लाइओवर के लिए कोई योजना स्वीकृत की गई है अथवा प्रस्तावित है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का संघ राज्यक्षेत्र दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव के लिए एक विशेष औद्योगिक यातायात प्रबंधन योजना तैयार करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी समय-सीमा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या संघ राज्यक्षेत्रों में सड़क अवसंरचना के विकास के लिए कोई अलग से वित्तपोषण मॉडल या विशेष पैकेज उपलब्ध है;

(च) विगत पांच वर्षों के दौरान संघ राज्यक्षेत्र दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव को कुल कितनी केन्द्रीय निधि स्वीकृत और जारी की गई है; और

(छ) क्या संघ राज्यक्षेत्रों की विशिष्ट प्रशासनिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए एक अतिरिक्त अवसंरचना पैकेज प्रदान करने का प्रस्ताव है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (छ) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए संबंधित है। एनएच -848ए और एनएच -848बी दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव के संघ राज्य क्षेत्र से होकर गुजरते हैं और वापी-दमन-सिलवासा औद्योगिक गलियारे को संपर्कता प्रदान करते हैं।

इन राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात की वर्तमान स्थिति को सुगम बनाने के लिए, सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इन राष्ट्रीय राजमार्गों को चार लेन तक चौड़ा करने के लिए 319.13 करोड़ रुपये की लागत से दो कार्यों को मंजूरी दी है। इसके अलावा, सरकार ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (एनई-4) के निर्माण का कार्य भी शुरू किया है जो वापी-दमन-सिलवासा औद्योगिक गलियारे में भारी यातायात के लिए एक वैकल्पिक उच्च गति संपर्कता प्रदान करता है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान दादरा और नागर हवेली एवं दमन और दीव संघ राज्य में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास पर आवंटित निधि और व्यय का विवरण वर्तमान वित्तीय वर्ष सहित निम्नानुसार है:

वर्ष	आवंटन (करोड़ रूपये में)	व्यय (करोड़ रूपये में)
2020-21	43	43
2021-22	30	30
2022-23	26	26
2023-24	2	2
2024-25	100	46
2025-26	180	62.45 (28.02.2026 तक)

*****